भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 802
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023 (20 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

ओपन स्काई समझौता

802. श्री दीपक प्रकाशः
श्री रविचंद्र वद्दीराजूः
श्री बिप्लब कुमार देबः
श्री मिथलेश कुमारः
श्री कैलाश सोनीः
सुश्री इंदु बाला गोस्वामीः
डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे :
श्री सतीश चंद्र दूबेः
श्री नबाम रेबिआः
श्रीमती सीमा द्विवेदीः
श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन देशों का ब्यौरा क्या है जिनके साथ भारत ने वर्ष 2019 से अब तक ओपन स्काई समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं; और

(ख) इन समझौतों के परिणामस्वरूप नागर विमानन उद्योग में हुई प्रमुख उपलब्धियों या प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) और (ख): वर्ष 2019 से भारत नें तीन देशों नामतः मालदीव, कनाडा और न्यूज़ीलैंड के साथ ओपन स्काई समझौते किए हैं।

ओपन स्काई समझौता, दो देशों के मध्य हवाई संपर्क को बढ़ाने में सहायक होता है। ये समझौते दोनों देशों के नामित वाहकों को संबंधित हवाईअड्डों पर स्लॉट की उपलब्धता के अधीन, असीमित प्रचालन शुरू करने में मदद करते हैं। इन समझौतों ने भारतीय वाहकों के साथ-साथ, अन्य देशों के वाहकों को भारत और संबंधित देश के बीच छह भारतीय मेट्रो हवाईअड्डों (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु) तक/से प्रचालन बढ़ाने का अवसर प्रदान किया है।

****